# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अधयक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9470003023 /9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाधयक्ष :– * सआदत हसन मिन्टू
* राजेन्द्र राम
संयुक्त सचिवः – * राजयनन्द वार्डियार
* अनिल कुमार
कोषाधयक्षः – * चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाधयक्षः – * विनोद आनन्द


पत्रांक :..........80.......... दिनांक ......17/08/15......

सेवा में,

**प्रधान सचिव,**
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता, बि0प्र0से0 निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्व–नियोजन जहानाबाद का स्थानान्तरण किये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक श्री गुप्ता का पत्र जो भवदीय को सम्बोधित है की प्रति संलगन करते हुए कहना है कि श्री गुप्ता 32वीं बैंच (कोटि क्रमांक–352/11) के पदाधिकारी है तथा जहानाबाद में वे निदेशक लेखा के पद पर पदस्थापित है। उस जिला में श्री रामरूप प्रसाद, बि0प्र0से 34वीं बैच (कोटि क्रमांक–498/11) को उप विकास, आयुक्त एवं श्री राईश्वर, बि0प्र0से0 (कोटि क्रमांक–543/11) को अपर समाहर्त्ता के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री गुप्ता को CWJC-13967/13 में पारित आदेश के अनुपालन में संयुक्त सचिव स्तर में प्रोन्नति देने का आदेश है। जिसका अनुपालन अबतक नहीं हुआ है। ऐसे में श्री गुप्ता को अपने से कनीय पदाधिकारी के अधीनस्थ सरकारी कार्यों के निर्वहन करने में कठिनाई महसूस करना स्वभाविक है।

संघ का अनुरोध है कि श्री गुप्ता का स्थानान्तरण अन्यत्र समकक्ष पद पर किया जाए जहाँ उन्हें अपने से कनीय पदाधिकारी के अधीनस्थ कार्य करने की नौबत न आवें।

सामान्यतः हाल में हुए स्थानान्तरण/पदस्थापन में वरीयता सोपान के क्रम का ख्याल नहीं रखा गया है जिस संदर्भ में संघ ने पत्रांक–78 दिनांक 12.08.2015 के द्वारा संसूचित किया जा चुका है।

उसके बाद पुनः हुए स्थानान्तरण/पदस्थापन को देखते हुए संघ पुनः समेकित रूप से हुई खामियों को भवदीय के समक्ष रखना चाहता है जो इस प्रकार है :–

(i) मूल कोटि के पदाधिकारी (ग्रेड पे0–5400) को उप सचिव स्तर (ग्रेड पे0–6600) के पद पर पदस्थापित किये जा रहे है जबकि उप सचिव स्तर (ग्रेड पे0–6600) के पदाधिकारी उपलब्ध है तथा उन्हें मूल कोटि के पद पर पदस्थापित किया गया है।

(ii) उप सचिव स्तर क पदाधिकारी (ग्रेड पे0–6600) को अपर समाहर्त्ता स्तर (ग्रेड पे0–7600) के पद पर पदस्थापित किया गया है जबकि समाहर्त्ता स्तर (ग्रेड पे0–7600) के पदाधिकारी उपलब्ध है तथा उन्हें उप सचिव स्तर के पद पर पदस्थापित किया गया है।

(iii) अपर समाहर्त्ता (ग्रेड पे0–7600) के स्तर के पदाधिकारी को अपर सचिव स्तर (ग्रेड पे0–8900) के पद पर पदस्थापित किया गया है। जबकि अपर सचिव स्तर (ग्रेड पे0–8900) के पदाधिकारी उपलब्ध है।

(iv) संयुक्त सचिव स्तर के (ग्रेड पे0–8700) पदाधिकारी को उनके ठीक कनीय पद अपर समाहर्त्ता (ग्रेड पे0–7600) स्तर के पद पर पदस्थापित किया गया है। जबकि अपर समाहर्त्ता स्तर (ग्रेड पे0–7600) के पदाधिकारी उपलब्ध है।

उपरोक्त कारण संघ के वरीय पदाधिकारी को अपने कनीय पदाधिकारी के अधीनस्थ सरकारी कार्य का निर्वहन् करना पड़ेगा, जो प्रशासनिक दृष्टिकोण से सर्वथा उचित नहीं है तथा सरकार के द्वारा बनाये गये प्रशासनिक ढ़ाँचा के वरीयता पदसोपान के विपरित है।

संघ का भवदीय से विनम्र निवेदन है उपरोक्त वर्णित (i) से (iv) बिन्दु पर गहन समीक्षा कर स्वच्छ कार्य प्रणाली के तहत स्थानान्तरण/पदस्थापन की जाए, ताकि पदाधिकारियों में आपसी सोहार्द बना रहें एवं सरकार की भी अच्छी छवी बनी रहे।

**अनुलग्नक** :– यथोक्त।

**(सुशील कुमार)**
महासचिव

**प्रतिलिपि** :– मुख्य सचिव को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि उपरोक्त पर भवदीय स्तर से व्यक्तिगत रूचि लेकर उत्पन्न परिस्थिति का समाधान कराया जाए।

**(सुशील कुमार)**
महासचिव

**प्रतिलिपि** :– श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता, बि0प्र0से0 निदेशक लेखा, जहानाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

**(सुशील कुमार)**
महासचिव

**प्रतिलिपि** :– अध्यक्ष/सचिव सभी जिला इकाई को सूचनार्थ प्रेषित।

**(सुशील कुमार)**
महासचिव

# जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जहानाबाद।

पत्रांक........................../ दिनांक........................

प्रेषक,

रवीन्द्र कुमार गुप्ता, बि0प्र0से0,

कोटि क्रमांक 352/11

निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जहानाबाद।

सेवा में,

प्रधान सचिव,

सामान्य प्रशासन विभाग,

बिहार, पटना।

जहानाबाद, दिनांक...................

द्वारा जिला पदाधिकारी, जहानाबाद।

विषय– जहानाबाद जिला से स्थानान्तरण एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC-13967/2013 में पारित आदेश के अनुपालन में संयुक्त सचिव, ग्रेड में प्रोन्नति देने के संबंध में।

प्रसंग– अधोहस्ताक्षरी का पत्रांक 1332 दिनांक 23.6.14, पत्रांक 2208 दिनांक 14.10.14, पत्रांक 434/मु0 दिनांक 19.11.2014 तथा सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 11486 दिनांक 10.8.2015

12/8/15

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संबंध में सादर सूचित करना है कि अधोहस्ताक्षरी के द्वारा पूर्व में पत्रांक 1332 दिनांक 23.6.14 द्वारा जहानाबाद जिला में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता एवं अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच कनीय कोटि क्रमांक के पदस्थापन के कारण जहानाबाद जिला से स्थानान्तरण का अनुरोध किया गया था। CWJC-13967/2013 में पारित आदेश के अनुपालन में पत्रांक 2208 दिनांक 14.10.14, एवं 434/मु0 दिनांक 19.11.2014 द्वारा संयुक्त सचिव ग्रेड में प्रोन्नति एवं अन्य वित्तीय लाभ विगत प्रभाव से देने का अनुरोध किया गया था।

सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 11486 दिनांक 10.8.2015 से श्री रामरूप प्रसाद, कोटि क्रमांक 498/11 तथा अधिसूचना संख्या 11487 दिनांक 10.8.2015 से श्री रामईश्वर कोटि क्रमांक 543/11 उप सचिव स्तर के पदाधिकारी को क्रमश: उप विकास आयुक्त, जहानाबाद तथा अपर समाहर्ता, जहानाबाद के पद पर पदस्थापित किया गया है।